# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## ग्यारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29, फाल्गुन, 1947 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 31**

----

### एम्बुलेंस सेवा

***3946 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में वर्ष, 2010 से संचालित 108/102 एम्बुलेंस सेवा में कार्यरत कर्मचारी लगभग 15 वर्षों से सेवा देने के बावजूद न तो किसी नियमित नीति के अंतर्गत लाए गए हैं और न ही उन्हें उचित वेतन प्रदान किया जा रहा है;

(ख) यह भी सत्य है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 8 घंटे की ड्यूटी हेतु ₹ 15,000/- इन-हैंड वेतन देने के आदेश पारित किए गए हैं; यदि हां, तो क्या इनको यह वेतन दिया जा रहा है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार द्वारा न्यायालय के आदेशों के पालन, वेतन विसंगतियों, ई0पी0एफ0 में कथित गड़बड़ी तथा कर्मचारियों की सेवा शर्तों को नियमित करने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## जनरेटर सुविधा

***3947 श्री राकेश कालिया (गगरेट)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श स्वास्थ्य संस्थान दौलतपुर चौक में जनरेटर की सुविधा प्रदान करने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी; किन कारणों से अभी तक जनरेटर नहीं लगाया गया व इसे कब तक लगा दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## नारला-मण्डी फोरलेन

***3948 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग)ः**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नारला-मण्डी फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान कितने परिवार/व्यक्ति इस परियोजना से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं तथा कितने मकानों, दुकानों अथवा अन्य निजी संपत्तियों को आंशिक या पूर्ण रूप से क्षति पहुंची है; और

(ख) प्रभावित परिवारों को कितनी मुआवज़ा राशि प्रदान की गई तथा कितने मामलों में भुगतान लंबित है व इस प्रकार की क्षति को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

***3949 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ) ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नागरिक अस्पताल चढ़ियार में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कितने भरे गए व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल बैजनाथ में मरीजों हेतु ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो यह सुविधा कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी?

----

## प्रधानमंत्री आवास योजना

***3950 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष, 2025 के सर्वे में जिला कांगड़ा से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कुल

कितने आवेदन किए गए हैं; आवेदकों के नाम, पिता/पति का नाम, जाति, पंचायत तथा विकास खंड सहित ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इन आवेदनों का सत्यापन चैकर के माध्यम से किया जा रहा था; यदि हां, तो क्या यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा सत्यापन के उपरांत कितने आवेदनों को रद्द किया गया; ब्यौरा दें?

----

## विशेष राहत पैकेज

***3951 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गत दो वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक जिला लाहौल और स्पिति में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को विशेष राहत पैकेज के तहत मुआवज़ा प्रदान किया गया है; यदि हां, तो प्रभावित क्षेत्रों सहित लाभार्थियों की संख्या एवं प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## ऊर्जा उत्पादन

***3952 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2023—24, 2024—25 एवं 2025—26 में दिनांक 31.01.2026 तक राज्य में ऊर्जा उत्पादन का निर्धारित लक्ष्य कितना था;

(ख) इनमें जलविद्युत (Hydro Power) तथा सौर ऊर्जा (Solar Power) हेतु निर्धारित लक्ष्य कितना था; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में प्रदेश में कितनी ऊर्जा का उत्पादन हुआ; जलविद्युत, सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा (Wind Energy) उत्पादन का वर्षवार ब्यौरा दें?

----

## खिलाड़ियों को प्रोत्साहन

***3953 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भारत द्वारा जीते गए पुरुष व महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में प्रदेश के कुल कितने खिलाड़ी शामिल थे; ब्यौरा जिलावार व नामवार दें;

(ख) विश्व कप जीतने पर सरकार द्वारा इन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की गईं; ब्यौरा दें;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक इन खिलाड़ियों ने राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कितनी प्रतियोगिताओं में भाग लिया व मैडल जीते हैं;

(घ) सरकार द्वारा इनमें से कितने विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को रोज़गार दिया गया; ब्यौरा खिलाड़ियों के नाम व पते सहित दें; और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार कब तक इन विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को रोज़गार देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## इको-शॉप

***3954 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में इको-शॉप स्थापित करने हेतु कुल कितनी साइट्स प्रदान की गई हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) धर्मशाला क्षेत्र में इस हेतु कितनी साइट्स किन-किन स्थानों पर प्रदान की गई है; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन स्थल

***3955 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अधिसूचित पर्यटन स्थलों की संख्या कितनी है; गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक जिभी, तीर्थन, सैंज तथा शांघड़ क्षेत्रों में पर्यटन अवसंरचना पर कितना व्यय हुआ है; और

(ख) इस अवधि में इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित विभिन्न पर्यटन इकाइयों जैसे-होम स्टे, गैस्ट हाउस, होटल सहित तथा अन्य गतिविधियों से सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ है; ब्यौरा दें?

----

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

***3956 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत टिकरी-लड़ोट, लड़ोट-चांशल व चांशल-डोडरा-क्वार तक सड़क जिसका कार्य PMGSY-1 के तहत चल रहा है, उसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस सड़क को PMGSY के अंतर्गत किस वर्ष डाला गया व इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; इस हेतु निविदा कब आमंत्रित की गई थी तथा कार्य कब शुरू हुआ व कब तक पूर्ण होगा; कार्य में विलंब के कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ग) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV (PMGSY-IV) के तहत रोहड़ू व डोडरा-क्वार मंडल हेतु कितनी सड़कों के प्रस्ताव भेजे गए तथा कितनी मंजूर हुईं व कितनी शेष हैं; ऐसी कितनी सड़कें हैं जिनका प्रस्ताव रद्द हुआ; उप-मंडलवार ब्यौरा दें?

----

## बन्दोबस्त कार्य

***3957 श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना)**:**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला ऊना में भूमि बन्दोबस्त का कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो यह कार्य कब से व किन-किन क्षेत्रों/तहसीलों में चल रहा है तथा इसके कब तक पूर्ण होने की संभावना है; क्षेत्रवार ब्यौरा दें व साथ ही जिन- जिन स्थानों पर बन्दोबस्त का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां प्राप्त दुरुस्ती हेतु आवेदनों की संख्या का ब्यौरा दें; और

(ख) किन-किन पटवार वृत्तों में कितने-कितने दुरुस्ती आवेदन तथा कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं; पटवार वृत्तवार कारणों सहित व की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें?

----

## बी0पी0एल0 सर्वे

***3958 श्री बिक्रम सिंह** (**जसवां-प्रागपुर**)**:**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हाल ही में कराए गए नवीनतम बी0पी0एल0 सर्वे के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में कितने व्यक्तियों तथा परिवारों को पात्र (बी0पी0एल0) व कितनों को अपात्र घोषित किया गया है; ब्यौरा जिलावार एवं पंचायतवार दें;

(ख) प्रदेश में ऐसे कितने परिवार हैं जिनके आवास कच्चे (कच्चा मकान) हैं फिर भी उन्हें बी0पी0एल0 सर्वे के बाद बी0पी0एल0 सूची से बाहर कर दिया गया है; जिलावार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि सर्वे में गलत मूल्यांकन व मनमाने मापदंडों के कारण वास्तविक रूप से गरीब परिवार बी0पी0एल0 सूची से बाहर हुए हैं; ऐसे मामलों की पुनः समीक्षा हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता

*3959 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत योजनाओं व धनराशि में कटौती की गई है; यदि हां, तो कितनी कटौती की गई है; ब्यौरा योजनावार व धनराशि सहित दें?

----

## डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट

*3960 **श्री रणवीर सिंह (निक्का) (नूरपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक नूरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में डी0एम0एफ0टी0 (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट) के तहत कितनी धनराशि एकत्रित हुई; कितनी धनराशि इस निर्वाचन क्षेत्र को आबंटित की गई; ब्यौरा दें?

----

## हॉकी एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान

*3961 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला सिरमौर के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, माजरा में हॉकी एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान बनकर तैयार है; यदि हां, तो किस वर्ष से इस खेल मैदान में हॉकी प्रतियोगिताएं हो रही हैं; और

(ख) यह भी सत्य है कि खेल मैदान को वाटरिंग करने हेतु बोरवेल लग चुका है व सबमर्सिबल (मोटर) भी लग चुकी है; इसमें विद्युत का कनेक्शन न होने के क्या कारण हैं; कब तक बिजली का कनेक्शन लगा दिया जाएगा?

----

## स्वास्थ्य संस्थान

*3962 **श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में कितने नागरिक अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) कार्यरत हैं तथा कितने निर्माणाधीन हैं; प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान के नाम एवं स्थान सहित ब्यौरा दें;

(ख) इन निर्माणाधीन स्वास्थ्य संस्थानों हेतु बजट में कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था तथा अब तक कितनी व्यय की जा चुकी है; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने नागरिक अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का उद्घाटन किया जा चुका है एवं कितने स्वास्थ्य संस्थान अभी तक पूर्ण अथवा उद्घाटित नहीं हुए हैं, उनके विलंब के क्या कारण हैं व उन्हें कब तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## ऑनलाइन व ऑफलाइन कार्य

***3963 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग में कितने कार्य ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से पूर्ण किए गए; और

(ख) प्रत्येक कार्य पर स्वीकृत एवं व्यय धनराशि का ब्यौरा ठेकेदारों के नाम, पते एवं संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित दें?

----

## सब्सिडी

***3964 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा सेब की जालियों व बांस अनुदान में कितनी धनराशि बकाया है तथा इस हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 31.01.2026 तक बागवानों को कितनी धनराशि प्रदान की गई; ब्यौरा दें?

----

## वेटरिनरी फार्मासिस्ट

***3965 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा जून, 2025 में 15% आरक्षित कोटे के अंतर्गत वेटरिनरी फार्मासिस्ट पद पर चयनित पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान नहीं की गई है; यदि हां, तो इनको नियुक्ति देने में विलंब के क्या कारण हैं तथा सैनिक कल्याण बोर्ड हमीरपुर की अनुशंसा के बावजूद भी नियुक्ति आदेश क्यों जारी नहीं किए गए;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक वेटरिनरी फार्मासिस्ट पद पर कितने पूर्व सैनिकों की भर्ती की गई तथा वर्तमान भर्ती प्रक्रिया में 15% पूर्व सैनिक कोटे के अंतर्गत

कितने पद स्वीकृत हुए, कितने भरे जा चुके हैं व कितने रिक्त हैं; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इन चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति देने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय राजमार्ग

*3966 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार की मुबारिकपुर से दौलतपुर-मरवाड़ी तथा गुग्लैहड़ -गगरेट-दौलतपुर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की योजना है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## ओ0बी0सी0 भवन

*3967 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) धर्मशाला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पासु में बन रहे ओ0बी0सी0 भवन की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) दिनांक 01 अप्रैल, 2022 से 31 जनवरी, 2026 तक इसके निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय हुई; और

(ग) भवन निर्माण में विलंब के क्या कारण हैं व इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## नागरिक सचिवालय भवन, केलांग

*3968 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला लाहौल और स्पिति के मुख्यालय केलांग में प्रस्तावित नागरिक सचिवालय भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; इसका निर्माण कार्य कब तक आरंभ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

*3969 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के

अंतर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम के कितने रूट बन्द किए व कितने नए चलाए गए; ब्यौरा रूटवार दें;

(ख) विभाग द्वारा बन्द किए गए रूट्स को फिर से बहाल करने हेतु क्या पग उठाए गए; ब्यौरा दें; और

(ग) हमीरपुर डिपो को कितनी बसें उपलब्ध करवाई गईं व कितना फील्ड स्टाफ प्रदान किया गया; ब्यौरा दें?

----

## परिधि / विश्राम गृह

***3970 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कितने परिधि व विश्राम गृह ऑनलाइन माध्यम से आरक्षित किए जा रहे हैं तथा गत वर्ष से दिनांक 31.01.2026 तक सरकार को इससे कितना राजस्व प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें?

----

## प्राकृतिक/जैविक खेती

***3971 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल सिंचित बनाम असिंचित भूमि का क्षेत्रफल कितना है तथा प्राकृतिक खेती/जैविक खेती अपनाने वाले किसानों की संख्या कितनी है; और

(ख) कुल्लू जिला के अंतर्गत वर्ष, 2023 तथा 2025 की बरसात व अन्य मामलों में फसल क्षति मुआवजे के कितने प्रकरण लंबित हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं नाम सहित ब्यौरा दें?

----

## डे बोर्डिंग स्कूल

***3972 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डे बोर्डिंग स्कूल को कब तक खोलने का विचार रखती है; विलंब के कारणों सहित ब्यौरा दें?

----

## वाहनों का पंजीकरण

***3973 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2026 से 31.जनवरी, 2026 तक शिमला शहरी क्षेत्र में कितने वाहनों का पंजीकरण किया गया तथा कितने वाहनों का पंजीकरण वैध पार्किंग प्रमाण-पत्र के आधार पर व कितने वाहनों का पंजीकरण बिना पार्किंग प्रमाण-पत्र के किया गया; ब्यौरा वाहन संख्या तथा पार्किंग प्रमाण-पत्र सहित दें?

----

## अधूरे कार्य

***3974 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग के कितने कार्य प्रगति पर हैं तथा इन्हें कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## आर0डी0एस0एस0

***3975 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आर0डी0एस0एस0 (Revamped Distribution Sector Scheme) किस वर्ष स्वीकृत हुई; इसमें कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व इस हेतु प्रथम निविदा कब हुई; और

(ख) निविदा रद्द करने का क्या कारण था तथा इस हेतु पुनः निविदा कब हुई व इसकी कार्य अवधि कब तक है; दिनांक 31.01.2026 तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा अगर कार्य अवधि में पूरा नहीं हुआ है तो शेष कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा?

----

## पाइपों का वितरण

***3976 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के जल शक्ति विभाग के पाइप भण्डार से वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कितनी पाइपें वितरित की गईं;

(ख) आपदा में किन-किन स्कीमों की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई; उनको सुचारु रूप से चलाने के लिए कितनी पाइपों का वितरण किया गया; योजनावार ब्यौरा दें;

(ग) विभाग ने गत दो वित्तीय वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक कितनी स्कीमों की निविदाएं की, कितनी पाइपों का उपयोग किया गया; ब्यौरा दें; और

(घ) करसोग मंडल/उप-मंडल हेतु इस अवधि में विभिन्न आकार की कितनी पाइपों का भण्डारण किया गया; कितनी शेष पाइपों का उपयोग नहीं हो पाया; पाइपों के आकार सहित ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**
**13 मार्च, 2026 .** **सचिव**